e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021...1750... **पटना, दिनांक** : 22-06-2021

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 112 दिनांक 12.02.2021 के द्वारा कार्यालय कार्यालय से लगातार अनुपस्थिति रहने के कारण तथा उक्त विषय में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने के कारण श्री गुंजन कुमार (ID No. AEN00927), विशेष सर्वेक्षण अमीन, अरियरी, शिविर संख्या–1 एवं श्री संजय कुमार (ID No. AEN02232), विशेष सर्वेक्षण अमीन छठियारा, शिविर संख्या–1 को कार्य मुक्त करने एवं पद रिक्त करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय के ज्ञापांक–1593 दिनाक–09.06.2021 द्वारा श्री गुंजन कुमार – विशेष सर्वेक्षण अमीन, अरियरी, शिविर संख्या–1 एवं श्री संजय कुमार– विशेष सर्वेक्षण अमीन छठियारा, शिविर संख्या–1 से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण ई–मेल के माध्यम से समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशालय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में यह तथ्य भी अंकित किया गया है कि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में आरोप को प्रमाणित मानते हुए निदेशालय स्तर पर संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद श्री गुंजन कुमार एवं श्री संजय कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित तिथि एवं समय तक समर्पित नहीं किया गया है। इनका स्पष्टीकरण आज दिनांक 21.06.2021 तक कार्यालय को अप्राप्त है। इनका इस प्रकार का कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के साथ ही कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता दर्शाता है, साथ ही वरीय पदाधिकारियों द्वारा इनके विरूद्ध दी गई सूचना की सम्पुष्टि होती है। इनके कृत्यों से स्पष्ट है कि इन्हें कार्य करने में कोई रूचि नहीं है।

अतः अपना पक्ष रखने हेतु अवसर देने के बावजूद भी स्पष्टीकरण नहीं समर्पित करने की स्थिति में आरोप को प्रमाणित मानते हुए **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019''** के नियम 8(4) के तहत श्री गुंजन कुमार (ID No. AEN00927), विशेष सर्वेक्षण अमीन, अरियरी, शिविर संख्या–1 एवं श्री संजय कुमार (ID No. AEN02232), विशेष सर्वेक्षण अमीन छठियारा, शिविर संख्या–1 का संविदा नियोजन आदेश निर्गत की तिथि से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 22/6/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021 1750 **पटना, दिनांक** :–22-06-2021

प्रतिलिपिः– श्री गुंजन कुमार (ID No. AEN00927), विशेष सर्वेक्षण अमीन, अरियरी, शिविर संख्या–1 एवं श्री संजय कुमार (ID No. AEN02232), विशेष सर्वेक्षण अमीन छठियारा, शिविर संख्या–1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 22/6/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021 1750 **पटना, दिनांक** :–22-06-2021

प्रतिलिपिः– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 22/6/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2021\Rakesh Kumar\Order\14_2021_22.06.2021-5.doc

ज्ञापांक: – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021...1750... **पटना, दिनांक** :–22-06-2021

प्रतिलिपि:– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22/6/21

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021...1750... **पटना, दिनांक** :–22-06-2021

प्रतिलिपि:– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/6/21

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप